राजस्थान लोक सेवा आयोग, अजमेर

प्रेस नोट

दिनांक: 03.07.2023

साक्षात्कार पत्र के संबंध में

आयोग द्वारा राजस्थान राज्य एवं अधीनस्थ सेवाऐं संयुक्त प्रतियोगी (मुख्य) परीक्षा, 2021 में सफल रहे अभ्यर्थियों के साक्षात्कार दिनांक 10.07.2023 से आयोजित किया जाना निश्चित किया गया है, इस हेतु साक्षात्कार के प्रथम चरण में सम्मिलित अभ्यर्थियों के **साक्षात्कार पत्र** आयोग की वेबसाईट **https://rpsc.rajasthan.gov.in** पर अपलोड कर दिये गये है। अभ्यर्थी आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध लिंक से Interview Letter डाउनलोड कर साक्षात्कार में उपस्थित होंवे।

साक्षात्कार के समय विस्तृत आवेदन पत्र के साथ संलग्न करने वाले दस्तावेजों के संबंध में आयोग द्वारा **''आवश्यक दिशा–निर्देश''** भी जारी किये गये है जो कि आयोग की वेबसाईट पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी उक्त दिशा–निर्देशों का भली–भांति अवलोकन कर आवश्यक कार्यवाही करें।

साक्षात्कार में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी ऑनलाईन भरे गये विस्तृत आवेदन पत्र, अटेस्टेशन फार्म एवं सेवा प्राथमिकता क्रम की दो प्रतियां एवं संलग्नक दस्तावेंजो की 01 प्रति स्वहस्ताक्षरित (मूल दस्तावेजों सहित) के साक्षात्कार के समय आयोग में प्रस्तुत करें। साक्षात्कार पत्र आयोग द्वारा ऑफलाईन रूप से नहीं भेजे जायेंगे और ना ही ऑफलाईन विस्तृत आवेदन पत्र और सेवा प्राथमिकता क्रम स्वीकार किये जायेंगे।

(आशुतोष गुप्ता)
सचिव